## संपादकीय

# आखिर मिले हाथ

अमेरिका और चीन के बीच लगभग दो साल के ट्रेड वॉर के बाद हुए व्यापार समझौते की खबर से दुनिया ने राहत की सांस ली है। इसे समझौते का पहला चरण कहा जा रहा है, जिसके तहत चीन व्यापार शुल्क का एक हिस्सा हटाए जाने की एवज में अगले दो साल में अमेरिका से 200 अरब डॉलर की सालाना खरीदारी करेगा। इसमें 50 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद भी शामिल हैं, जो अमेरिकी चुनाव में भावनात्मक मुद्दे का रूप ले सकते हैं। इसके अलावा अमेरिकी बौद्धिक संपदा अधिकार का सम्मान करने और अपनी मुद्रा की विनिमय दरों में कृत्रिम बदलाव न करने की बात चीन बाकायदा लिखकर दे रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने मुद्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले देश का बिल्ला चीन से पहले ही हटा लिया था। दुनिया की दोनों चोटी की अर्थव्यवस्थाओं में तनाव 22 जनवरी 2018 को शुरू हुआ, जब ट्रंप ने चीन में बने सौर पैनलों और वाशिंग मशीनों पर शुल्क लगाने की घोषणा कर दी। इसके बाद एक-दूसरे पर जवाबी शुल्क का हमला शुरू हो गया। इस व्यापार युद्ध में अमेरिका ने चीन से आने वाले 550 अरब डॉलर के उत्पादों पर शुल्क बढ़ा दिया, जबकि चीन ने ऐसी ही कार्रवाई अमेरिका से आने वाली 185 अरब डॉलर की वस्तुओं पर की। अमेरिका ने चीन पर टेक्नॉलजी चोरी करने और अपनी मुद्रा की कीमत नीचे रखने का आरोप भी लगाया। दरअसल, अमेरिका और ज्यादातर पश्चिमी देश तकनीक के मामले में चीन की रफ्तार से खासे परेशान हैं। अमेरिका ने ट्रेड वॉर की आड़ लेकर उसकी तकनीकी प्रगति में अड़ंगा डालने की चाल चली लेकिन जल्द ही इसका खामियाजा खुद अमेरिका को ही भुगतना पड़ गया। पिछले कुछ समय से अर्थशास्त्रियों की यह गुहार अलग-अलग कोनों से सुनाई देने लगी है कि पूरे विश्व में स्लोडाउन आ रहा है, जिसकी कुछ जवाबदेही चीन-अमेरिका ट्रेड वॉर पर भी आती है। इससे अमेरिकी वोटरों में संदेश यह जा रहा है कि राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अपनी जिद के चलते वर्ल्ड इकॉनमी को खतरे में डाल दिया है। चुनावी साल में ट्रंप यह कलंक अपने सिर नहीं लेना चाहते। कई सर्वेक्षणों से साबित हुआ है कि अमेरिकियों का एक बड़ा तबका ट्रेड वॉर को नापसंद करता है। चीन भले ही अमेरिका से उतना न खरीदता हो जितना उसे बेचता है, लेकिन अमेरिका के कई उद्योगों और उनमें मौजूद नौकरियों का अस्तित्व चीन से आने वाले अधबने सामानों पर ही निर्भर करता है। यही नहीं, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड के अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि सामानों की बढ़ी कीमतों के चलते एक औसत अमेरिकी परिवार पर सालाना 6 हजार डॉलर का बोझ बढ़ गया है। इन बातों ने ट्रंप को अपने कदम वापस खींचने पर मजबूर किया है। बहरहाल, यह समझौते की शुरुआत है और देर-सबेर इसके दूसरे चरण के लिए भी बातचीत शुरू हो जाएगी। उम्मीद करें कि इससे विश्व व्यापार में जो सकारात्मक माहौल बनेगा, उसकी लहर ट्रेड वॉर को पूरी तरह खत्म कर देगी।

# यूएन ने घटाया भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान, 5.7 प्रतिशत रह सकती है इकनॉमिक ग्रोथ



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** संयुक्त राष्ट्र संघ ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 5.7 फीसदी रह सकती है। इससे भारत को झटका लगा है क्योंकि यह वैश्विक निकाय के पूर्व के अनुमान से कम है। एक अध्ययन में संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि कुछ अन्य उभरते देशों में जीडीपी वृद्धि दर में इस साल कुछ तेजी आ सकती है। बीते वर्ष वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर सबसे कम 2.3 फीसदी रहने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने यह बात कही। वर्ष 2019 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार पिछले एक दशक के निचले स्तर पर रही। संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

संरा ने विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2020 पर अपनी रिपोर्ट में बताया कि लंबे व्यापारिक विवाद के कारण 2019 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2.3 प्रतिशत से वृद्धि हुई लेकिन व्यापारिक तनाव, वित्तीय उथल-पुथल या भू-राजनीतिक तनावों में बढ़ोतरी होने पर इस वृद्धि दर में गिरावट आ सकती है।

संरा ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में लंबे समय तक कमजोरी रहने से सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने में महत्वपूर्ण झटका लग सकता है, जिसमें गरीबी उन्मूलन तथा सभी तरह के नौकरियों के निर्माण का लक्ष्य भी शामिल हैं। संरा ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि व्यापक असमानताएं और गहराते जलवायु संकट दुनिया के कई हिस्सों में असंतोष को बढ़ावा दे रहे हैं।

उधर, संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने विश्व समुदाय को अगाह करते हुए कहा, ये जोखिम विकास की संभावनाओं पर गंभीर और लंबे समय तक नुकसान दायक प्रभाव डाल सकते हैं।

## सेंसेक्स, निफ्टी में लाल निशान के साथ कारोबार

**मुंबई (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत सप्ताह के आखिरी सत्र में शुक्रवार को कमजोरी के साथ हुई जबकि वैश्विक बाजार से सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में स्थिरता के साथ कारोबार चल रहा था जबकि निफ्टी लाल निशान के साथ बना हुआ था। सुबह 9.33 बजे सेंसेक्स स्थिरता के साथ 41,932.54 पर बना हुआ था और निफ्टी 21.35 अंकों की कमजोरी के साथ 12,334.15 पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स पिछले सत्र के मुकाबले महज 3.54 अंकों की कमजोरी के साथ 41,929.02 पर खुला और 41,956.12 तक उछला जबकि आरंभिक कारोबार के दौरान सेंसेक्स का निचला स्तर 41,850.29 रहा।

## राजकोट वनडेः ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीता, भारत को पहले बल्लेबाजी का मौका




**राजकोट।** आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने भारत के खिलाफ शुक्रवार को यहां दूसरे वनडे में टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाज़ी का फैसला किया जबकि विराट कोहली की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरेगी।

भारतीय कप्तान ने टॉस के बाद कहा कि यदि वह जीतते तो पहले गेंदबाजी का ही फैसला करते। मुंबई वनडे में 10 विकेट से हारने के बाद 0-1 से पिछड़ चुकी मेज़बान टीम ने राजकोट वनडे के लिये दो बदलाव किये हैं जिसमें मनीष पांडे को रिषभ पंत की जगह लिया गया है जो पिछले मैच में चोटिल हो गये थे जबकि नवदीप सैनी को शार्दुल ठाकुर की जगह शामिल किया गया है। आस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया है।

आस्ट्रेलिया : डेविड वार्नर, एरॉन फिंच (कप्तान), मार्नस लाबुशैन, स्टीवन स्मिथ, एश्टन टर्नर, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), एश्टन एगर, पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, केन रिचर्डसन, एडम जम्पा।

भारत : विराट कोहली (कप्तान), शिखर धवन, रोहित शर्मा, लोकेश राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, नवदीप सैनी, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और मनीष पांडे।

## खिताब जीतने के एक कदम दूर सानिया मिर्जा और नाडिया किचेनोक की जोड़ी

**» होबार्ट इंटरनेशनल डबल्स**

**नईदिल्ली।** भारत की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा होबार्ट इंटरनेशनल टूर्नामेंट के महिला डबल्स के फाइनल में प्रवेश कर चुकी हैं। सानिया मिर्जा और नाडिया किचेनोक की जोड़ी ने तमारा जिदानसेक और मैरी बुजकोवा की जोड़ी को 7-6 (3), 6-2 से हराकर होबार्ट इंटरनेशनल डबल्स के फाइनल में प्रवेश किया है। इससे पहले उन्होंने गुरुवार को अमेरिकन जोड़ी वेनिया किंग और क्रिस्टिना मैकहाले को 6-2, 4-6, 10-4 से हराया था। सानिया ने मां बनने के दो साल बाद इस टूर्नामेंट से कोर्ट पार वापसी कर रही हैं। 33 साल की सानिया का अपनी यूक्रेनी साथी नादिया किचेनोक के साथ शानदार प्रदर्शन जारी है। मां बनने के बाद वह पहले खिताब से अब एक कदम दूर हैं। शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबले में इंडो-यूक्रेनी (सानिया-नादिया) जोड़ी ने स्लोवेनियाई-चेक जोड़ी तमारा जिदानसेक और मैरी बुजकोवा को शुरुआती संघर्ष के बाद 7-6 (3), 6-2 से मात दी। यह मुकाबला एक घंटे 24 मिनट तक चला। अब शनिवार को फाइनल में पांचवीं वरीय सानिया-नादिया का मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी (झांग शुइ-पेंग शुइ) से होगा।

# करण अर्जुन के रीमेक में रितिक और रणवीर या रणबीर होंगे फिट

**फिल्मेकर राकेश रोशन की फिल्म करण अर्जुन साल 1995 में आई थी, जिसमें सलमान खान और शाहरुख खान लीड ऐक्टर के रूप में नजर आए थे। दोनों नें फिल्म में करण और अर्जुन का किरदार निभाया था और यह किरदार आज तक दर्शकों के दिलों में बसा है। यह फिल्म यकीनन बॉलिवुड की बेहतरीन फिल्मों की लिस्ट में शामिल है और इसने अब इंडस्ट्री में अपने 25 साल पूरे कर लिए।**

इस खास मौके पर राकेश रोशन से पूछा गया कि इस फिल्म की रीमेक बने तो वह इसमें किन्हें लीड स्टार के रूप में देखना पसंद करेंगे?

फिल्म ने 13 जनवरी 2020 को अपना 25वां साल पूरा कर लिया है। राकेश रोशन ने इस फिल्म के रीमेक से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि यदि फिल्म की रीमेक बनती है तो इस फिल्म में वह सलमान खान और शाहरुख की जगह रितिक रोशन और रणबीर कपूर को लेना चाहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस फिल्म में रितिक और रणवीर सिंह की जोड़ी भी अच्छी लगेगी।

वर्कफ्रंट की बात करें तो राकेश रोशन डायरेक्शन की दुनिया में कृष 4 से कमबैक करने जा रहे हैं, जिसमें रितिक रोशन लीड रोल में होंगे। साल 2003 की फिल्म कोई मिल गया के बाद साल 2006 में इसका सीक्वल आया, जिसका नाम कृष था और इसके बाद साल 2013 में आई कृष 3। अब साल 2020 में कृष 4 को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

बताना चाहेंगे कि पिछले साल जनवरी में रितिक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया था कि उनके



पिता व फिल्ममेकर राकेश रोशन को कैंसर डिटेक्ट हुआ है। बताया गया था कि उनका कैंसर फर्स्ट स्टेज में था। उन्हें स्किन से जुड़ा कैंसर हुआ, जिसे स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा कहते हैं। यह कैंसर स्किन की सबसे बाहरी लेयर में मौजूद स्क्वैमस सेल में अनियंत्रित तरीके से वृद्धि होने का कारण होता है।

## 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई अजय देवगन की फिल्म तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर

अजय देवगन की हालिया रिलीज फिल्म तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर बॉक्स ऑफिस पर लगातार धुआंधार कमाई कर रही है। इस हिस्टोरिकल ड्रामा फिल्म ने अपने रिलीज के छठे दिन ही 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। हालिया अपडेट्स के मुताबिक बुधवार को फिल्म ने 16.25 करोड़ रुपये की कमाई की है। रिपोर्ट के मुताबिक, कुल 6 दिनों में 105 करोड़ रुपयों से ज्यादा का बिजनस कर लिया है। मुंबई सर्किट




में फिल्म का प्रदर्शन शानदार रहा है। इस तरह वीकडेज में भी फिल्म की कमाई पर कुछ खास असर नहीं पड़ा है। कहा जा रहा है कि अभी फिल्म का यह बिजनस जारी रह सकता है क्योंकि सेकंड वीक में कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं होने जा रही है। इस तरह सेकंड वीकेंड में भी फिल्म की कमाई अच्छी रहने की उम्मीद है। बता दें कि इस फिल्म में अजय देवगन के साथ सैफ अली खान और काजोल मुख्य भूमिका में है।

## आज का राशिफल

मेषः क्योंकि आपको दूसरों की मदद करने से सकून मिलता है इसलिए आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा।

वृषभः आज का दिन परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा।

मिथुनः पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी।

कर्कः राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का धनुराशीस्थ होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा।

सिंहः राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति भी होगी।

कन्याः राशि का स्वामी बुध मकर में गुरु व चंद्र आज तुला राशि में संचार कर रहे हैं।

तुलाः आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि का योग है।

वृश्चिकः आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन सम्मान यश कीर्ति की वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा।


धनुः आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी।

मकरः आज व्यवसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। सावधानी बरतें, वाहन अकस्मात खराब हो जाने से खर्च बढ़ सकता है।

कुंभः राशि स्वामी शनि की मध्यम स्थिति के कारण प ी को अकस्मात शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है।

मीनः वैवाहिक जीवन आनंददायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रगति से काफी खुशी होगी।

# वेजिटेबल ओट्स उपमा है सुबह के नाश्ते का बेहतरीन ऑप्शन



**सामग्री :-**

1 बारीक कटी हुई गाजर, 3-4 फ्रेंच बीन्स, 1/2 कप मटर के दाने, 1 कप ओटमील, 1 प्याज, 1 इंच अदरक, 2 हरी मिर्च, 2-3 टीस्पून तेल, 1/2 टीस्पून राई दाना, 1 टीस्पून चना दाल, 1/2 टीस्पून जीरा, चुटकी भर हींग, 4-6 करी पत्ते, 3/4 कप पानी, 1 टीस्पून धनिया पत्ती, स्वादानुसार नमक

**विधि :-**

**नॉनस्टिक पैन में ओट्स को अच्छी तरह से ड्राई रोस्ट करें।**

अब पैन में तेल गर्म करें। इसमें राई दाना, चना दाल, बीच में से कटी हरी मिर्च, जीरा, हींग, अदरक, बारीक कटे प्याज, गाजर और फ्रेंच बीन्स, मटर और करी पत्ते डालकर मिलाएं।

अब इसमें पानी डालकर उबलने दें। थोड़ी देर बाद इसमें ओट्स डालकर चलाएं।

ओट्स को धनिया पत्ती से गार्निश कर सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 7

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 06 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्रा |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

## सू-दोकू-7

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.06 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |